**Theme: Leading Good Governance in Schools**

**Dr Kaushal Kumar**
Principal
Santhal Awasiya Vidyalaya, Masalia, Dumka, Jharkhand
Email id: srsmasalia@gmail.com
Mobile no.: 6201951353; 8102129146

**संथाल आवासीय विद्यालय, मसलिया दुमका।**

<u>विद्यालय में सुशासन का नेतृत्व</u>

**शैक्षणिक स्तर में आशानुरूप उपलब्धि हेतु निम्न उत्कृष्ट कार्य किए गए:–**

- शिक्षा दान, कर कल्याणः– इस अभियान के तहत प्रत्येक वर्ग के विषयगत मेधावी बच्चों द्वारा कमजोर बच्चों को गोद लेकर निरंतर सहयोग और अभ्यास के माध्यम से उसे अपनी श्रेणी में लाने का प्रयास करते है। इस कार्य में विद्यालय के छात्र काफी हद तक सफल भी होते हैं और इसका प्रभाव परीक्षाफल में दिखाई पड़ता है।
- सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस पर पढ़ाये गए पाठों से संबंधित विषयों पर लॉटरी के माध्यम से वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाता है जिसमें अनिवार्य रूप से सभी छात्र शामिल होते है। इसमें निर्धारित अंक से कम अंक लाने वाले छात्रों को न केवल पूर्व के प्रश्नों को पूरा करना पड़ता है अपितु अगले प्रश्नोत्तरी का आयोजन उसे ही करना पड़ता है।
- वर्ग कक्ष में प्रतिदिन रोटेशन व्यवस्था के तहत छात्रों को बैठाया जाता है जिससे अंतर्मुखी बच्चों का झिझक या कमजोरी दूर होती है एवं वे शिक्षकों से खुलकर बात करते है।
- जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए टैब का सदुपयोग– वर्गवार बच्चों को समुह में बॅाटकर प्रतिदिन दो घंटे का समय अध्ययन हेतु दिया जाता है। इसका मॅानीटरिंग क्लब के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
- विषयवार शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से गृह कार्य की जॉच– प्रतिदिन विषयवार शिक्षकों द्वारा पठित पाठ से संबंधित गृह कार्य देकर उसकी नियमित जॉच कर सुधार हेतु उचित परामर्श दिया जाता है।
- मेधावी छात्रों द्वारा वर्ग संचालन– शिक्षकों के अवकाश में रहने की स्थिति में विषय के मेधावी छात्रों द्वारा अपने वर्ग का संचालन किया जाता है।
- समय और आदत प्रबंधनः– छात्र अपने निर्धारित समय पर निर्धारित कार्य को संपादित करते हैं तथा उनकी आदतें छात्रानुकूल होती है।
- अंग्रजी विषय में शब्द संग्रहः– इसके लिए प्रत्येक वर्ग के छात्रों को क्रमानुसार बॅाटा जाता है और आवंटित छात्र अपने नाम के प्रथम अक्षर से पॉच अलग–अलग अंग्रेजी शब्द प्रतिदिन लिखते है। सप्ताह के अंत में लिट्रेसी क्लब के सदस्य उसे सुनते और लिखवाते हैं।

***ऊपर वर्णित कार्यों का प्रतिफल इस विद्यालय में प्रत्यक्षतः देखा गया जो इस प्रकार हैः–***

1. **माध्यमिक परीक्षाफलः–** वर्ष 2022 (प्रथम बैच) में सम्मिलित कुल 45 छात्रों में सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं प्राप्तांक 70.2% से 95.2% के बीच रहा। वर्ष 2023 में सम्मिलित कुल 42 छात्रों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं प्राप्तांक 74.6% से 95.6% के बीच रहा। साथ ही 09 छात्र जिला के प्रथम दस सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वालों में थे। वर्ष 2024 में सम्मिलित कुल 53 छात्रों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं प्राप्तांक 61.4% से 91.2% के बीच रहा। (इस वर्ष परीक्षाफल में गिरावट का मुख्य कारण परीक्षा के पूर्व गणित के मुख्य शिक्षक का अन्य विद्यालय में स्थानान्तरण होना है)।

2. **उच्च माध्यमिक परीक्षाफलः–** वर्ष 2024 (प्रथम बैच) में सम्मिलित कला संकाय में कुल 07 छात्रों में सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं प्राप्तांक 62.2% से 74.8% के बीच रहा। इसी वर्ष विज्ञान संकाय में सम्मिलित कुल 22 छात्रों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एवं प्राप्तांक 60.6% से 86% के बीच रहा।

3. **अन्य शैक्षणिक उपलब्धियॉः–**
    - **आकांक्षा परीक्षा–** वर्ष 2023 में अभियांत्रिकी संकाय में दो छात्र एवं वर्ष 2024 में एक अभियांत्रिकी एवं दो छात्रों का चयन क्लैट के लिए हुआ है।
    - **पॉलीटेकनिक परीक्षाः–** वर्ष 2023 में पॉलीटेकनिक परीक्षा में 05 एवं वर्ष 2024 में 04 छात्रों का विभिन्न

कॉलेजों में नामांकन हुआ है।

- **इंजीनियरिंग में नामांकनः—** इस विद्यालय से 2024 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण दो छात्रों का नामांकन सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय में बी0टेक0 में हुआ है।
- **मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा (अष्टम वर्ग हेतु) :—** वर्ष 2022 में सम्मिलित कुल 53 छात्रों में 50, वर्ष 2023 में सम्मिलित कुल 41 छात्रों में से 40 एवं वर्ष 2024 में सम्मिलित कुल 36 में 36 छात्रों का चयन हुआ है।
- **झारखंड ओलम्पियाड परीक्षाः—** वर्ष 2022 में झारखंड ओलम्पियाड परीक्षा में राज्य स्तर पर दो छात्रों का चयन हुआ तथा उसे राज्य स्तर पर लैपटॉप एंव प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही वर्ष 2024 में इसी परीक्षा के प्रथम चरण में जिला स्तर पर चयनित कुल 55 छात्र/छात्राओं में से 49 छात्र इस संस्थान के हैं।
- **इन्सपायर एवार्डः—** इस कार्यक्रम के तहत दो बार राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व किया गया है।
- **अंग्रेजी स्पेल विजार्ड (अष्टम वर्ग हेतु) :—** जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के तहत 2022 एवं 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- **साहित्यिक उपलब्धिः—** प्रथम बैच के छात्र मो0 फैजान अपने दशम वर्ग के अध्ययन काल में **"छात्रावास के मुसाफिर"** नामक पुस्तक की रचना की जिसका लोकार्पण अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के चिकित्सक डॉ0 धुनी सोरेन के द्वारा किया गया। यह पुस्तक आजकल अमेजन पर उपलब्ध है।




**सह—शैक्षणिक स्तर में आशानुरूप उपलब्धि हेतु निम्न उत्कृष्ट कार्य किए गएः—**

- योगा शिक्षक के द्वारा समय समय पर प्रशिक्षण देना तथा नियमित रूप से शिक्षकों की उपस्थिति में योगाभ्यास करना।
- कबड्डी और खो—खो प्रशिक्षकों के द्वारा भी समय समय पर प्रशिक्षण देना तथा छात्रों के द्वारा नियमित रूप से शिक्षकों की उपस्थिति में अभ्यास करना। विद्यालय के अनुरोध पर भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षक उपलब्ध कराया जाता है।
- स्पोर्टस क्लब के सदस्यों द्वारा समय समय पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करना तथा विजेता टीम को विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत करना।

- विद्यालय में उपलब्ध टैब एवं इंटरनेट की सहायता से यूट्यूब या अन्य की सहायता से खेल के विभिन्न नियमों को बारिकी से देखना एवं समझना।
- एकीकृत साउंड सिस्टम के माध्यम से प्रत्येक वर्ग कक्ष के छात्रों को नियमित रूप से सामान्य ज्ञान से सबंधित प्रश्नों का अभ्यास कराया जाता है।
- विद्यालय में स्थापित व्हाईट बोर्ड पर प्रतिदिन घटित होने वाली घटनाओं को लिट्रेसी क्लब के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है तथा साप्ताहिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है।

***ऊपर वर्णित कार्यों का प्रतिफल इस विद्यालय में प्रत्यक्षतः देखा गया जो इस प्रकार हैः–***

– जिला स्तर पर आयोजित सभी खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करना ।

– खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित योगा में एक, शतरंज में दो छात्र और वालीवॉल में तीन छात्रों ने भाग लिया साथ ही राज्य स्तर पर U-19 कबड्डी में तृतीय स्थान एवं कुश्ती में प्रथम स्थान।

– खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित योगा में एक, कबड्डी में दो और वालीवॉल में तीन छात्रों ने भाग लिया साथ ही राज्य स्तर पर U-14 कबड्डी में तृतीय स्थान

– आर0 बी0 आई0 द्वारा गॅाधी जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता 2023 में प्रथम स्थान।(नगद पुरस्कार 11000 एवं प्रशस्ति पत्र)

– आर0 बी0 आई0 द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त एवं राज्य स्तर के लिए चयनित (नगद 10000 एवं प्रशस्ति पत्र)

– जिला प्रशासन/शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सरस मेला की क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त।

– प्रतिवर्ष आयोजित हिजला मेला के विभिन्न प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त।

– खेल में छात्रों का उत्साह वर्धन एवं उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा समय समय पर खेल सामग्री एवं खेल से संबंधित परिधान उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही अध्ययनरत छात्रों के अभिभावक द्वारा विभिन्न सामग्री अनुदान के रूप में दिया जाता है जिससे विद्यालय के आतंरिक संसाधनों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

– इस विद्यालय में एक विशेष सत्र का आयोजन होता हैः– **"चिंतन के प्रश्न"** इसके तहत प्राचार्य द्वारा प्रत्येक माह एक परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी वर्ग के छात्र शामिल होते है। इस परीक्षा के प्रश्न पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं बल्कि हमारे जीवन से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न होते हैं जो छात्रों की ईमानदारी का आकलन करते हैं ताकि छात्र अपने लक्ष्य के प्रति सजग हो सके। इस सत्र में भाग लेने के लिए छात्र बहुत ही उत्साहित होते हैं।

– इससे इतर अध्ययनरत छात्रों द्वारा समय समय पर विभिन्न त्योहारों यथा दीपावली, छठ के अवसर पर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने एवं मानवता को उजागर करने के उद्देश्य से अपने पटाखे खरीदने के पैसों से प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर स्थानीय थाने के सिपाहिओं और अस्पताल में इलाजरत मरीजों के बीच मिठाई एवं फल का वितरण किया जाता है। सामाजिक सदभावना को बढ़ाने हेतु छात्रों द्वारा समाज से जुड़ी हुई कार्यों यथा छठ घाट की सफाई , सार्वजनिक स्थल की साफ–सफाई एवं सरस्वती पूजा जैसे त्योहारों को स्थानीय ग्रामिणों के साथ मिलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाता है। साथ ही राष्ट्रीय सदभाव को जागृत करने हेतु तिरंगा यात्रा निकाला जाता है।